मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 | अंक : 256 | गुरुवार 8 जनवरी 2026 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

कार्तिक की मिस्ट्री गर्लफ्रेंड ने तोड़ी चुप्पी

# 'उल्हासनगर में गुंडाराज नहीं चलेगा'

## हम उल्हासनगर में कानून का राज कायम करेंगे -मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

- ठाणे-भिवंडी मेट्रो 5 का लाभ उल्हासनगर को मिलेगा-सीएम
- कल्याण-बदलापुर मेट्रो विस्तार का फायदा भी उल्हासनगर को मिलेगा- सीएम
- उल्हासनगर में नियमित प्रक्रिया के लिए नई नीति होगी- देवेंद्र
- उल्हासनगर में पानी का स्त्रोत का लाभ मिलेगा- फडणवीस
- शहर के सभी रास्ते सीसी के लिए देंगे- सीएम



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगर पालिका चुनाव के बैकग्राउंड में आयोजित एक पब्लिक मीटिंग में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शहर के विकास पर कड़ा रुख अपनाते हुए कानून-व्यवस्था पर साफ संदेश दिया। उल्हासनगर में गुंडा राज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यहां सिर्फ कानून का राज चलेगा। मुख्यमंत्री ने इस बात पर अफसोस जताया कि उल्हासनगर भले ही अलग-अलग संस्कृतियों और परंपराओं का शहर है जो सभी समुदायों को जोड़ता है, लेकिन अभी तक उम्मीद के मुताबिक विकास नहीं हुआ है। नाम का शहर होने के बावजूद आज उल्हासनगर की स्थिति कई जगहों पर गांव से भी ज्यादा पिछड़ी हुई है। दूसरी महानगर पालिकाओं की तुलना में यह शहर विकास में काफी पिछड़ गया है। उन्होंने कहा कि अब इस पर गंभीरता से विचार करने का समय आ गया है।

अपने राजनीतिक रुख को समझाते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि वह सिर्फ सवाल उठाने वाले नेता नहीं हैं, बल्कि जवाब देने वाले और असल में काम करने वाले नेता हैं। उन्होंने मज़बूती से कहा, "मेरा मिशन बदलाव लाना है। जिसका मिशन बदलाव लाना है, उसे कोई नहीं रोक सकता।"

ठाणे और नवी मुंबई जैसे शहर तेज़ी से बदले, लेकिन उल्हासनगर उस ट्रेंड में पीछे रह गया, उन्होंने कहा कि अब यह तस्वीर बदलने वाली है। MMRDA के ज़रिए मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये के डेवलपमेंट के काम चल रहे हैं, और उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले दिनों में उल्हासनगर भी इस डेवलपमेंट की मेनस्ट्रीम में शामिल होगा। इस मीटिंग के बाद उल्हासनगर के पॉलिटिकल गलियारों में हलचल तेज़ हो गई है, और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में शहर के डेवलपमेंट को लेकर ज़रूरी फ़ैसले लिए जाएँगे। इस इवेंट में MLA कुमार ऐलानी, BJP डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट राजेश बडारिया, इंडस्ट्रियलिस्ट महेश अग्रवाल, उद्धव रूपचंदानी, प्रदीप रामचंदानी और 78 वार्ड से चुनाव लड़ रहे कॉर्पोरेटर मौजूद थे।

## भाजपा उम्मीदवारों ने मुख्यमंत्री को भेंट की भगवान झूलेलाल की प्रतिमा



उल्हासनगर मनपा चुनाव में खड़े सभी भाजपा उम्मीदवारों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल की प्रतिमा भेंट की। उस समय भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया, प्रवीण किशनानी, टोनी सीरवानी सहित सभी भाजपा उम्मीदवार उपस्थित थे।

## पैनल 16 को भ्रष्टाचार मुक्त कराने राकांपा का संकल्प



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा पैनल 16 में पिछले कई वर्षों से भ्रष्टाचार ने अपने जड़ें इतनी मजबूत कर दी है कि उसे निकालने के लिए आज आम जनता को अपने अधिकार का इस्तेमाल करना पड़ेगा। ऐसा पैनल 16 से राकांपा उम्मीदवार सोनिया धामी ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड में काफी समस्याएं और वार्ड में परिवर्तन लाने के लिए आज राकांपा के उम्मीदवार सोनिया धामी, विजय राजवानी, नेहा प्रकाश लुंड व महेंद्र भाऊ म्हात्रे को अपना समर्थन देकर विजयी बनाएं और अपने वार्ड को भ्रष्टाचारियों से मुक्त करें। यह हमारा संकल्प ही नहीं वार्डवासियों का भी संकल्प है। यहां पर राकांपा का मुकाबला भाजपा व साई पक्ष से है।

## पैनल 2 में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा बाइक रैली



**उल्हासनगर।** 15 जनवरी को होने जा रहे चुनाव को लेकर पैनल 2 में भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष गुरदीप सिंह लबाना ने जागरूकता के लिए भव्य बाइक रैली निकाली गई। गुरदीप सिंह बॉक्सर ने कहा कि इस बार भाजपा 50 पार के नारे के साथ शहर में भाजपा का महापौर बनेगा। भाजपा को जीताने के लिए युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। हमने भी इस बार सैकड़ों युवाओं का नया मतदान कार्ड बनाया है। पैनल 2 में भाजपा का झंडा ही लहराएगा यहां पर भाजपा उम्मीदवार मीना कौर लबाना, एड. भरत शिवनानी, संध्या मराठे व हरि कनौजिया का जोरों पर प्रचार हो रहा है। इस रैली में कई युवाओं ने जमकर भाग लिया।

## पैनल 2 में सिर्फ बातें नहीं वादा भी पूरा करेंगे- नीतेश चैनानी




**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा पैनल 2 के राकांपा युवा उम्मीदवार नीतेश कुमार चैनानी ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा है कि जितने भी पूर्व नगरसेवकों ने वादा किया बावजूद विकास कार्य नहीं हुआ लेकिन हम सिर्फ बातें नहीं वादा भी अपना पूरा करेंगे। एक बार युवाओं को अगर मौका मिलेगा तो वार्ड क्या शहर की तस्वीर भी बदली जा सकती है। नए चेहरे ही नया बदलाव लाएंगे। यहां पर राकांपा की टक्कर भाजपा व शिवसेना के दिग्गज पूर्व नगरसेवकों के साथ है।

## अंबरनाथ भाजपा-कांग्रेस से राज्य में आया भूचाल

- कांग्रेस के प्रदीप पाटिल समेत 12 नगरसेवक पक्ष से निलंबित
- क्या 12 नगरसेवक भाजपा में प्रवेश करेंगे

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में भाजपा-कांग्रेस की युति ने पूरे राज्य में भूचाल ला दिया है. मुख्यमंत्री ने इस युति को स्वीकार करने से इंकार कर दिया है तो दूसरी तरफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप पाटिल और कार्यकारिणी के साथ सभी 12 नगरसेवकों को पक्ष विरोधी कार्य करने पर निष्कासित कर दिया है. ऐसा पत्र जारी किया गया है. अध्यक्ष प्रदीप पाटिल ने घोषणा की है कि वह अपने सभी नगरसेवकों के साथ भाजपा में प्रवेश करेंगे. उन्होंने सपकाल पर आरोप लगाया है कि उन्होंने शहराध्यक्ष के लिए उनसे काफी बड़ी रकम मांगा था. नहीं देने पर उन्होंने दिल्ली जाकर मुकुल वासनिक से शहराध्यक्ष नियुक्ति का पत्र लाया था. उद्धव ठाकरे, संजय राऊत ने भी भाजपा द्वारा कांग्रेस से युति करने पर भाजपा को हरा साथ लेने का ताना दिया है. अभी कहां गया भाजपा का हिंदुत्व ऐसा उद्धव ठाकरे ने कहा है. जैसा कि हमने बहुत पहले ही लिखा था कि अंबरनाथ में ऐसी युति हो रही है, जो देश में राज्य में भाजपा ने नहीं किया है. वैसा ही हुआ और भाजपा-कांग्रेस युति ने राज्य में कोहराम मचा दिया है. कांग्रेस के सभी निलंबित 12 नगरसेवकों ने भाजपा में प्रवेश कर लिया तो भाजपा के 14, कांग्रेस 12 व राकांपा के 4 नगरसेवक मिलाकर 30 हो रहे हैं. जो कि बहुमत के लिए काफी हैं. भाजपा ने जिलाधिकारी को पत्र भी दिया है कि भाजपा, कांग्रेस व राकांपा और एक निर्दलीय मिलाकर 31 नगरसेवकों ने अंबरनाथ विकास आघाड़ी का गट स्थापन कर लिया है और उसके गट नेता अभिजीत करंजुले पाटिल होंगे. 12 जनवरी को उप नगराध्यक्ष एवं स्वीकृत 5 नगरसेवकों के चुनाव से पूर्व ये राजनीति बवाल उठ खड़ा हुआ है. क्या शहर के 12 नगरसेवक भाजपा में उनके हाथों प्रवेश करेंगे अथवा कांग्रेस 12 नगरसेवकों के निलंबन का आदेश प्रदेश कांग्रेस वापस लेगी? इस पर शहरवासियों की नजर लगी हुई है.

## पैनल 9 में राकांपा उम्मीदवार प्रियंका विक्की इसरानी का प्रचार जोरों पर



उल्हासनगर। उल्हासनगर मनपा के पैनल 9 से राकांपा उम्मीदवार प्रियंका विक्की इसरानी चुनावी मैदान में है। उनका डोर टू डोर प्रचार जोरों पर चल रहा है। पिछले कई वर्षों से उनकी पति विक्की इसरानी इस वार्ड में समाजसेवा कर रहे हैं और पूरे परिसर से पूरी तरह वाकिफ है। ऐसे में उनकी पत्नी चुनावी मैदान में आने से उनको अब स्थानीय लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है। यह एक ऐसे अकेले उम्मीदवार है जिन्होंने चुनाव मैदान में उतरने से पूर्व ही अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया था जिसमें वार्ड संबंधित विभिन्न समस्याओं के किस तरह निवारण हो उसमें दर्शाया गया है। श्रीमती इसरानी का कहना है कि मूलभूत सुविधा देने का हमारा प्रथम लक्ष्य होगा उसके बाद वार्ड के विकास कार्य करेंगे। जमीनी तौर से जुड़े विक्की इसरानी ने आदर्श वार्ड देने की संकल्पना की है। इस वार्ड में उन्हें भाजपा व शिवसेना के दिग्गज उम्मीदवार टक्कर दे रहे हैं।

## भारत गंगोत्री का पैनल 17 में प्रचार जोरों पर



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 17 में विकास की गंगोत्री बहाने वाले राकांपा उम्मीदवार भारत गंगोत्री का इन दिनों चुनाव प्रचार प्रभात गार्डन व सेक्शन 28 में जोरों पर हो रहा है। उन्हें वार्डवासियों का पूरा समर्थन मिल रहा है। पैनल 17 में भारत राजवानी गंगोत्री के साथ कमलेश सिरसाठ, रिंकी धामेजानी व सोनिया राजेश थदानी भी चुनावी मैदान में है। सभी नए चेहरों के साथ मैदान में उतरे गंगोत्री अपने वार्डवासियों से मिला रहे हैं और उन्हें जानकारी दे रहे हैं कि उनके अब नए साथी उनके साथ इस वार्ड का कार्य करेंगे। श्री गंगोत्री ने कहा कि जो प्रशासकीय राज में अटके हुए विकास कार्य हैं उन्हें वो पूरा करेंगे।

## पैनल 9 में पप्पू कालानी की सभा में उमड़े वार्डवासी

- आकाश चक्रवर्ती, नरेंद्र कुमारी व कविता लासी के समर्थन में सभा



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के 15 जनवरी को होने वाले चुनाव में शिवसेना उम्मीदवार आकाश चक्रवर्ती नरेंद्र कुमारी ठाकुर व कविता लासी की प्रचार सभा में पूर्व विधायक पप्पू कालानी ने लोगों को संबोधित कर कहा कि जो विकास शहरवासियों को मिलना चाहिए वो नहीं मिला है। आज सड़कों की हालत के जिम्मेदार नेता फोटो निकालने में व्यस्त है और शहर विकास की बजाय विनाश की ओर ले जा रहे हैं। आज हमारे युवा उम्मीदवार शहर को वापस उसी विकास की ओर ले जाएंगे जिस तरह आपने मुझे विकास करते देखा था। उन्हें वोट देने की अपील कालानी ने की है। यहां पर भाजपा उम्मीदवारों से उनकी टक्कर है।

## पैनल 19 में भाजपा की उम्मीदवार लहरानी को मिला बैट चुनाव चिन्ह



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा पैनल 19 से भाजपा की अधिकृत उम्मीदवार कोमल दिनेश लहरानी को तकनीकी कारणों के कारण बैट चुनाव चिन्ह मिला है। उन्होंने सभी पैनलवासियों से अपील है कि भाजपा की उम्मीदवारी उन्हें प्राप्त है और उनका चुनाव चिन्ह बैट है। भाजपा के चुनावी कार्यालय उद्घाटन के दौरान पूर्व विधायक नरेंद्र पवार ने भी औपचारिक रूप से घोषणा की है कि पैनल 9 में राजू गोपालानी, विपुल मयेकर, रत्नमाला दुर्गे के साथ कोमल दिनेश लहरानी उनकी उम्मीदवार है। यहां एक उम्मीदवार गुमराह करके वार्ड में भाजपा का अपने नाम से प्रचार कर रहे हैं। श्रीमती लहरानी का चुनाव प्रचार जोरों पर चल रहा है और उन्हें बैट चिन्ह पर समर्थन भी मिल रहा है। पूर्व विधायक नरेंद्र पवार ने उन्हें जीताने की अपील पैनल 19 वासियों से की है। इस वार्ड में उनकी टक्कर शिवसेना उम्मीदवारों से है।

## हर समाज के लोग हमसे जुड़े हैं- जमनू पुरस्वानी



**उल्हासनगर।** पैनल 2 से शिवसेना उम्मीदवार जमनू पुरस्वानी ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि हमारे वार्ड में सभी समाज के लोग बहुत ही प्यार मोहब्बत से रहते हैं और उनकी समस्याओं को मैंने पिछले कई दशकों से हल किया है। हर समाज के लोग आज हमसे जुड़े हुए हैं और आगे भी जुड़े रहेंगे। इस बार नए व युवा चेहरे अनुष्का गोपलानी, होशियार सिंह व सविता पारवानी आज हमारे साथ नए तरीकों से विकास की शुरुआत करने चुनाव लड़ रहे हैं। यहां भाजपा व राकांपा के उम्मीदवारों से उनकी टक्कर है।

## मुझे मारने के लिए सुपारी दी गई है

- फिरोज पठान ने पुलिस को दिया निवेदन
- हम पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद - कबीर गायकवाड़

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में नरेश गायकवाड़ की हत्या के आरोप में 20 वर्ष की जेल की सजा काटकर आए फिरोज पठान ने नरेश गायकवाड़ के दोनों बेटे सत्यजीत गायकवाड़, कबीर गायकवाड़ पर ये गंभीर आरोप लगाया है कि इन्होंने उन्हें जान से मारने के लिए डोंबिवली के गुंडों को सुपारी दी है. इसलिए उनकी जान को खतरा बढ़ गया है. ऐसा निवेदन फिरोज पठान ने पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अंबरनाथ को दिया है. दो दूसरी ओर कबीर गायकवाड़ ने अपने खुलासे में कहा है कि उनका ये आरोप झूठा है. मुझे अपने काम से फुरसत नहीं है.

फिरोज पठान ने निवेदन में लिखा है कि उनके एक मित्र ने उन्हें फोन करके बताया कि सत्यजीत और उसके भाई कबीर, उनकी माता ने मुजे मारने के लिए डोंबिवली के लड़कों को सुपारी दी है. तुम चार दिन तक संभल के रहना. दोस्त के सभी फोन के रिकार्डिंग करके फिरोज ने पुलिस को दिया है और मांग की है कि इस मामले की जांच करके उन पर कार्रवाई की जाए. फिरोज का ये भी कहना है कि वह नरेश गायकवाड़ की हत्या का बदला लेना चाहते हैं. फिरोज ने निवेदन में बताया है कि उन्होंने नपा नगरसेवक के चुनाव में शिवसेना के लिए कार्य किया है और कबीर कांग्रेस के उम्मीदवार थे. इसलिए भी दुश्मनी में ये काम किया जा सकता है. कबीर गायकवाड़ ने कहा है कि पुलिस ने जांच करके दूध का दूध, पानी का पानी करे. इन्होंने रिपाई के अध्यक्ष का मर्डर किया है. इन्हें अंबरनाथ में रहने का अधिकार नहीं है. पुलिस इन्हें हद्दपार करे. लगाए गए सभी आरोप बेबुनिया हैं, ऐसा कबीर ने अपने बयान में कहा है.

## वोटिंग प्रोसेस के हर बारीकियों की ट्रेनिंग

- कर्मचारियों ने EVM, VVPAT के बारे में सीखा सबक

**उल्हासनगर.** वोटिंग प्रोसेस में छोटी सी गलती भी डेमोक्रेसी पर भरोसे को कम कर सकती है, इसे ध्यान में रखते हुए उल्हासनगर सब-डिविजनल ऑफिसर विजयानंद शर्मा ने इलेक्शन सिस्टम के हर अधिकारी और कर्मचारी को 'फुलप्रूफ' तरीके से तैयार करने के लिए डिटेल में ट्रेनिंग दी। इस ट्रेनिंग में EVM-VVPAT से लेकर पोल के बाद के प्रोसेस तक, हर स्टेज की बारीकियों को समझाया गया।

चुनाव निर्णय अधिकारी और मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले के गाइडेंस में यह ट्रेनिंग सुबह और दोपहर दो सेशन में, शहीद अरुण कुमार वैद्य (टाउन हॉल) हॉल, उल्हासनगर 3 में हुई। ट्रेनिंग क्लास में सब-डिविजनल ऑफिसर विजयानंद शर्मा ने EVM और VVPAT से वोटिंग के पूरे प्रोसेस को डिटेल में समझाया। वोटिंग शुरू होने से पहले बरती जाने वाली सावधानियों, असली वोटिंग वाले दिन के नियमों और वोटिंग प्रोसेस पूरा होने के बाद किए जाने वाले कामों के बारे में स्टेप-बाय-स्टेप गाइडेंस दी गई। चुनाव में होने वाले ज़रूरी बदलाव, डाले जाने वाले बैलेट की संख्या, VVPAT का सही इस्तेमाल, पोलिंग एजेंट की भूमिका, मॉक पोल प्रोसेस, वोटिंग का तय समय, पेपर सील प्रोसेस और EVM की सुरक्षा से जुड़े नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया। चुनाव प्रोसेस में लोगों का भरोसा बना रहे, इस पर खास ज़ोर दिया गया।

### कई लोगों की मौजूदगी

ट्रेनिंग क्लास में बड़ी संख्या में पोलिंग स्टेशन प्रेसिडेंट (PRO), फर्स्ट पोलिंग ऑफिसर (FPO), OPP-1, OPO-2 और पोलिंग स्टेशनों पर तैनात चपरासी क्लास के कर्मचारी शामिल हुए। साथ ही, एडिशनल कमिश्नर किशोर गवस, सभी संबंधित चुनाव अधिकारी, असिस्टेंट चुनाव अधिकारी, मनपा डिप्टी कमिश्नर (चुनाव) विशाखा मोटघरे, डिप्टी कमिश्नर (हेडक्वार्टर) डॉ. दीपाली चौगले, डिप्टी कमिश्नर स्नेहा करपे, भंडार डिपार्टमेंट हेड अंकुश कदम और अलग-अलग डिपार्टमेंट के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### ट्रेनिंग से बढ़ा भरोसा

गहन ट्रेनिंग से चुनाव काम में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों का भरोसा मज़बूत हुआ है। प्रशासन ने भरोसा जताया है कि उल्हासनगर नगर निगम चुनाव 2025-26 बहुत अनुशासित, पारदर्शी होगा और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करेगा।

## पैनल 9 में पप्पू कालानी की सभा में उमड़े वार्डवासी



- आकाश चक्रवर्ती, नरेंद्र कुमारी व कविता लासी के समर्थन में सभा

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के 15 जनवरी को होने वाले चुनाव में शिवसेना उम्मीदवार आकाश चक्रवर्ती नरेंद्र कुमारी ठाकुर व कविता लासी की प्रचार सभा में पूर्व विधायक पप्पू कालानी ने लोगों को संबोधित कर कहा कि जो विकास शहरवासियों को मिलना चाहिए वो नहीं मिला है। आज सड़कों की हालत के जिम्मेदार नेता फोटो निकालने में व्यस्त है और शहर विकास की बजाय विनाश की ओर ले जा रहे हैं। आज हमारे युवा उम्मीदवार शहर को वापस उसी विकास की ओर ले जाएंगे जिस तरह आपने मुझे विकास करते देखा था। उन्हें वोट देने की अपील कालानी ने की है। यहां पर भाजपा उम्मीदवारों से उनकी टक्कर है।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## निजी अस्पतालों में मौत के बाद का सौदा

अस्पतालों में मरीज का इलाज ही नहीं, बल्कि चिकित्सकों और प्रबंधकीय कर्मियों का व्यवहार भी कई मायनों में महत्वपूर्ण होता है। किसी बीमारी से पीड़ित या हादसे में घायल व्यक्ति को इस उम्मीद के साथ अस्पताल लाया जाता है कि उसकी जान पर मंडरा रहा खतरा टल जाएगा। मगर इलाज के दौरान अगर किसी की मौत हो जाए, तो अस्पताल प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी मरीज के शव को सम्मान परिजनों को सौंप देने की होती है।

इसके बावजूद अगर कोई अस्पताल इलाज के खर्च का भारी-भरकम बिल बनाकर उसकी पूरी वसूली के लिए शव को अपने कब्जे में रखने का प्रयास करे, तो इसे संवेदनहीनता और अनैतिकता की पराकाष्ठा नहीं तो और क्या कहा जाएगा! उत्तराखंड के हल्द्वानी में हाल ही में एक ऐसा ही मामला सामने आया। एक निजी अस्पताल ने महिला की मौत से पहले केवल दो घंटे भर्ती करने का न केवल अस्सी हजार रुपए का बिल बना दिया, बल्कि इसका पूरा भुगतान न होने पर परिजनों को शव सौंपने से भी इनकार कर दिया। बाद में पुलिस के दखल देने पर शव परिजनों के हवाले किया गया।

इसमें दोराय नहीं है कि निजी अस्पताल अब मानवता की सेवा के बजाय उद्योग-धंधे में तब्दील होते जा रहे हैं, जहां मुनाफा कमाने की प्रवृत्ति मानवीय संवेदनाओं और सेवा भाव पर हावी होती दिख रही है। यही वजह है कि निजी अस्पतालों में इलाज की बड़ी रकम का पूरा भुगतान न करने पर शव परिजनों को सौंपने से इनकार कर देने की खबरें अक्सर आती रहती हैं।

ऐसे में यह सवाल महत्त्वपूर्ण है कि क्या अस्पतालों के इस रवैये को कानूनी या मानवीय तौर पर जायज ठहराया जा सकता है? हल्द्वानी के मामले में तो परिजनों ने बिल के अस्सी हजार रुपए में से सत्तावन हजार रुपए का भुगतान कर दिया था, इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने महिला का शव देने से इनकार किया। अगर कोई मरीज या उसके परिजन इलाज के खर्चे की जायज रकम देने से इनकार करता है, तो अस्पताल प्रशासन कानून का सहारा ले सकता है, लेकिन शव को अपने कब्जे में लेने के प्रयास को न तो कानूनी और न ही नैतिक तौर पर उचित ठहराया जा सकता है।

# विचार: संगठन की अनदेखी करती कांग्रेस

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने गत दिनों अपनी एक्स पोस्ट में लिखा, 'आरएसएस का जमीनी स्वयंसेवक और जनसंघ-भाजपा का कार्यकर्ता नेताओं के चरण में बैठकर प्रदेश का मुख्यमंत्री और देश का प्रधानमंत्री बना। ये संगठन की शक्ति है।' इन शब्दों के मायने तब खुलते हैं, जब इसके साथ चस्पां एक तस्वीर दिखती है। 1995 की उस तस्वीर में नरेन्द्र मोदी पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के पास फर्श पर बैठे हैं। दिग्विजय सिंह के ये शब्द कांग्रेस नेतृत्व और संगठन के कामकाज पर एक तरह से टिप्पणी हैं।

कांग्रेस नेतृत्व की कार्यशैली और संगठन की लचर हालत पर टिप्पणी करने वाले दिग्विजय पहले शख्स नहीं हैं। केंद्रीय राजनीति में नरेन्द्र मोदी के उभार के बाद कांग्रेस लगातार फिसल रही है। हाल में उसे और उसके सहयोगी दलों को उस बिहार में भी हार झेलनी पड़ी, जिसे महज दो महीने पहले ही वह जीता हुआ मान चुकी थी। उसकी निराशा महाराष्ट्र और गोवा के निकाय चुनावों ने भी बढ़ाई है। इस बीच केरल के निकाय चुनावों ने उसे जरूर सांत्वना दी है, लेकिन यह इतनी कारगर नहीं है कि पार्टी और उसके जमीनी कार्यकर्ता भविष्य के प्रति व्यापक रूप से आश्वस्त हो सकें।

कांग्रेस के अध्यक्ष भले ही मल्लिकार्जुन खरगे हों, लेकिन सबको पता है कि पार्टी की असल कमान किसके हाथ है। पार्टी के असल बास राहुल गांधी हैं। इस लिहाज से पार्टी उन्हीं के हिसाब से चल रही है। राहुल तेजतर्रार और



आक्रामक हैं, लेकिन उनकी यह आक्रामकता नतीजों में नहीं बदल रही। उनकी शैली एक हद तक वामपंथी वैचारिकी और राजनीति की तरह है। वामपंथी नैरेटिव गढ़ने में कामयाब रहते हैं, लेकिन नतीजों के मोर्चे पर नाकाम रहते हैं। 2019 के चुनाव में उन्होंने 'चौकीदार चोर' का नैरेटिव तैयार किया। 2024 में 'खतरे में संविधान' का आख्यान खड़ा किया। हाल में 'वोट चोरी' का आरोप चस्पां किया। वामपंथी इकोसिस्टम के जरिये ये सारे इस कदर स्थापित हुए कि लगा कि इनकी चक्करघिन्नी में भाजपा फंस गई। भाजपा कई बार चिंतित भी दिखी, लेकिन उसके नेतृत्व ने होश नहीं खोया। नतीजे सामने हैं। कांग्रेस के कई नैरेटिव उलटे भी पड़ते हैं, क्योंकि वे जमीनी समझ के बिना गढ़े जाते हैं। बिहार के संदर्भ में पार्टी नेतृत्व के एक वर्ग का मानना है कि जब राहुल ने वोटर जागरूकता यात्रा निकाली, तब मिथिला समेत उत्तर बिहार में सवर्ण, विशेषकर सवर्ण मतदाताओं का कांग्रेस को लेकर रुख बदल रहा था, लेकिन बाद में उन्हीं ब्राह्मणों और सवर्णों को आततायी बताने का नैरेटिव गढ़ा गया, लिहाजा मतदान में हालात बदल गए। अपने वामपंथी सोच के चलते कांग्रेस से समूचे देश का सवर्ण मतदाता दूर होता जा रहा है। और तो और जब देश और संसद में ज्यादा जरूरत होती है, तब राहुल विदेश में भाषण दे रहे होते हैं। इसके चलते संगठन की लगातार अनदेखी हो रही है।

कांग्रेस के कई अहम सूत्र एकमत हैं कि संगठन को दुरुस्त करने पर पार्टी नेतृत्व का ध्यान नहीं है। उदाहरण के लिए, लोकसभा चुनाव के वक्त हरियाणा में न तो सचिव था, न ही पार्टी की जिला कमेटियां काम कर रही थीं। ऐसा ही हाल बिहार का भी था। जिला स्तरीय कमेटियां थी नहीं। कई राज्य ऐसे हैं, जहां अध्यक्ष तो बना दिए गए हैं, लेकिन वहां कमेटी ही नहीं है। मुंबई में तो बीएमसी चुनाव के नामांकन के आखिरी दिन तक पता ही नहीं रहा कि कांग्रेस का गठबंधन किसके साथ है और कौन कहां से लड़ेगा। मनरेगा का नाम और चेहरा बदलने के खिलाफ कांग्रेस राज्यों की राजधानियों में रैलियां करने जा रही है।

इस पर पार्टी के एक बड़े नेता का कहना है कि दूसरी रैलियों की ही तरह इन रैलियों का भी हश्र होगा। उनके हिसाब से ब्लाक स्तर पर मनरेगा के जाब कार्डधारकों का विरोध-प्रदर्शन आयोजित होना चाहिए था, फिर जिला स्तर पर उन्हें जुटाया जाता। बाद में राज्यों की राजधानी और दिल्ली में उनका जुटान होता। इससे पार्टी की बात निचले स्तर तक पहुंचती और नए वोटर भी बनते।





अपने जीवन को प्रेम की मधुर धुन बनाइए!

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# आखिर किस मोड़ पर आ खड़ा हुआ है बांग्लादेश?

बांग्लादेश में पिछले कुछ महीनों से जिस तरह की अराजकता बेलगाम होती देखी जा रही है, उससे साफ है कि बदलाव की मांग के साथ वहां जो आंदोलन शुरू हुआ था, वह अब दिशाहीन हो चुका है। अब वहां हो रही लक्षित हिंसा की घटनाएं व्यापक चिंता का कारण बन रही हैं। गौरतलब है कि पिछले दो दिनों में जिन दो लोगों की हत्या कर दी गई, उनकी सामुदायिक पहचान हिंदू थी। सोमवार रात को वहां के नरसिंगदी शहर में अज्ञात हमलावरों ने एक किराना दुकान के चालीस वर्षीय मालिक की हत्या कर दी। इस घटना से कुछ घंटे पहले ही जेस्सोर जिले में एक अन्य व्यापारी की सिर में गोली मार कर जान ले ली गई, जो एक अखबार के कार्यवाहक संपादक भी थे। इसके अलावा, एक विधवा से सामूहिक बलात्कार, उसका निर्मम उत्पीड़न करने और उसका वीडियो बना कर जारी कर देने की भी खबर आई। इससे पहले भी वहां हिंदू पहचान को निशाना बना कर हत्या की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। साफ है कि बांग्लादेश में जारी हिंसा और अफरा-तफरी अब किसी खास एजंडे के तहत हो रही लगती है। वरना क्या कारण है कि एक ही प्रकृति की घटनाएं लगातार सामने आने और इसी वजह से नई जटिलताएं खड़ी होने के बावजूद वहां की अंतरिम सरकार इसे रोकने को लेकर कुछ भी ठोस कदम नहीं उठा रही है। यह बेवजह नहीं है कि लगातार और सरेआम हो रही हत्या की घटनाओं से स्थानीय अल्पसंख्यक समुदायों के आम लोगों और व्यापारियों के बीच असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है।

अशांति और हिंसा की घटनाओं में तेजी की तात्कालिक वजह जुलाई,



2024 के विद्रोह के एक प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या हो सकती है, जो भारत का कट्टर आलोचक भी था। सवाल है कि अगर हादी का मकसद देश को बदलना था, तो क्या उसका रास्ता यह होगा कि वहां के अल्पसंख्यक तबकों और खासतौर पर चुन कर हिंदू पहचान वाले निर्दोष लोगों की हत्या की जाए? फिर अगर अराजकता का यह सिलसिला जारी रहता है और वहां की सरकार तथा कानून-व्यवस्था संभालने वाली एजंसियां ऐसी घटनाओं को रोक नहीं पाती हैं, तो इसके क्या मायने निकाले जाएंगे?

बांग्लादेश में तत्कालीन शेख हसीना सरकार के खिलाफ विद्रोह की घोषित वजहें चाहे जो रही हों, लेकिन आज वहां भीड़तंत्र जिस तरह हावी होता दिख रहा है, वह खुद बांग्लादेश के लिए चिंता की बात होनी चाहिए। धार्मिक पहचान को आधार बना कर हत्या या बलात्कार की घटनाओं के दौरान स्थानीय लोग जिस तरह अराजक होते या जैसी प्रतिक्रियाएं देते दिखते हैं, वह कुछ समूहों के दिशाहीन और संवेदनहीन हो जाने का संकेत तो है ही, जघन्य अपराधों के बेलगाम होते जाने को नहीं रोक पाना दरअसल शासन के नाकाम हो जाने का भी सबूत है।


अगर अब भी वहां शांति और लोकतंत्र की बहाली के लिए ठोस कवायद नहीं हुई, अल्पसंख्यक समुदायों के बीच फैली असुरक्षा की भावना बनी रही, तो इसका खमियाजा समूचे देश को उठाना पड़ सकता है। सही है कि लक्षित तौर पर हिंसा करने वालों के बरक्स वहां अब भी वैसे लोग हैं, जो अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाने पर चिंता जाहिर करते हैं। मगर शेख हसीना को सत्ता से हटाने के कई महीने के बाद भी अगर वहां अराजकता फैलती दिख रही है, तो विद्रोह की अगुवाई करने वालों से लेकर फिलहाल सत्ता संभालने वाले समूह भविष्य में किस तरह का बांग्लादेश बनाने की उम्मीद दे रहे हैं?

# 8 फीट से भी ऊंचा है दुनिया का सबसे लंबा शख्स

**जरा हट के**

इस दुनिया में शायद ही कोई ऐसा इंसान होगा जो कम हाइट चाहता होगा. मगर लंबा कद पाना सबके किस्मत में नहीं होता. जो लंबे होते हैं, वो खुद को गर्व से देखते हैं. मगर दुनिया के सबसे लंबे शख्स को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. उसकी हाइट 8 फीट से ज्यादा है पर उसके नाम दो अन्य वर्ल्ड रिकॉर्ड भी हैं. हाल ही में उसने बताया कि उसकी लाइफ कितनी कठिन है.

दुनिया के सबसे लंबे इंसान का खिताब अपने नाम करने वाले सुल्तान कोसेन की ज़िंदगी जितनी हैरान करने वाली है, उतनी ही संघर्षों से भरी भी रही है. तुर्की के रहने वाले 43 वर्षीय सुल्तान की लंबाई 8 फीट 2 इंच (243 सेंटीमीटर) है और एक रात की ठीक से नींद लेने के लिए उन्हें तीन बेड जोड़कर सोना पड़ता है. साल 2009 में उन्होंने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दुनिया के सबसे लंबे जीवित



व्यक्ति के रूप में अपना नाम दर्ज कराया था, और तब से लेकर अब तक कोई भी उन्हें इस खिताब से हटा नहीं पाया है. कोई नहीं दे पाया चुनौती

सुल्तान कोसेन ने यह रिकॉर्ड चीन के शी शुन (7 फीट 8.95 इंच) को पीछे छोड़ते हुए हासिल किया था. वे बीते दो दशकों में ऐसे पहले व्यक्ति बने, जिनकी लंबाई आधिकारिक तौर पर 8 फीट से अधिक दर्ज की गई. अंकारा, तुर्की में पले-बढ़े सुल्तान को बचपन से ही यह एहसास था कि उनकी लंबाई आम लोगों से कहीं ज्यादा है. महज 9 साल की उम्र में उनकी लंबाई 5 फीट से ज्यादा हो चुकी थी. हालांकि, असाधारण लंबाई का यह सफर सुल्तान के लिए आसान नहीं रहा. रिपोर्ट्स के मुताबिक, बचपन और किशोरावस्था में उन्हें शारीरिक ही नहीं, मानसिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ा. सुल्तान ने खुद स्वीकार किया है कि उनकी लंबाई की वजह से उन्हें अपने हमउम्र बच्चों से अलग-थलग कर दिया गया था. एक पॉडकास्ट। Had a Doubt में उन्होंने बताया, "मैं बहुत लंबा था, इसलिए मेरे दोस्त मुझसे डरते थे और मेरे पास से भाग जाते थे."

# पनीर दो प्याजा

खाना-खजाना

### सामग्री

- पनीर- 250 ग्राम
- प्याज- 2 मध्यम (बारीक कटे हुए) और 2 मध्यम (बड़े चौकोर टुकड़ों में कटे हुए)
- टमाटर- 2 बड़े (प्यूरी बना लें)
- अदरक-लहसुन का पेस्ट- 1 बड़ा चम्मच
- तेज पत्ता- 1
- दालचीनी- 1 इंच का टुकड़ा
- हरी इलायची- 2-3
- जीरा- 1 छोटा चम्मच
- हल्दी पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर- 1 छोटा चम्मच (स्वादानुसार)
- धनिया पाउडर- 1 बड़ा चम्मच
- गरम मसाला- 1/2 छोटा चम्मच
- कसूरी मेथी- 1 छोटा चम्मच
- ताजी क्रीम या मलाई- 2 बड़े चम्मच
- तेल या घी- 3-4 बड़े चम्मच
- नमक- स्वादानुसार
- हरा धनिया- बारीक कटा हुआ

### बनाने की विधि

सबसे पहले एक कड़ाही में एक चम्मच तेल गरम करें। इसमें प्याज के बड़े टुकड़ों (पेटल्स) को तेज आंच पर 1-2 मिनट के लिए भून लें, इसी तरह पनीर के टुकड़ों को भी हल्का सुनहरा होने तक तल लें।



अब उसी कड़ाही में बचा हुआ तेल या घी डालें। इसमें जीरा, तेज पत्ता, दालचीनी और इलायची डालें। जब जीरा चटकने लगे, तो बारीक कटा हुआ प्याज डालें। प्याज को सुनहरा भूरा होने तक भूनें। अब इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें और कच्चापन दूर होने तक चलाएं। अब इसमें टमाटर की प्यूरी और थोड़ा नमक डालें। इसे तब तक पकाएं जब तक कि मसाला किनारे से तेल न छोड़ने लगे। इसके बाद हल्दी, लाल मिर्च और धनिया पाउडर डालें। थोड़ा पानी छिड़कें, ताकि मसाले जलें नहीं और अच्छी तरह पक जाएं। जब मसाला पूरी तरह भून जाए, तो इसमें ताजी क्रीम या मलाई डालें। अब इसमें कसूरी मेथी डालें, जो इस डिश को एक बेहतरीन खुशबू देती है। अब ग्रेवी में जरूरत के अनुसार थोड़ा गरम पानी डालें, लेकिन ग्रेवी को बहुत पतला न करें। जब ग्रेवी में उबाल आ जाए, तो इसमें पहले से भुने हुए पनीर और प्याज के बड़े टुकड़े डाल दें। लास्ट में गरम मसाला डालें और ढककर 3-4 मिनट तक धीमी आंच पर पकने दें। पनीर दो प्याजा तैयार है!

# सोने के तरीके और आपकी सेहत

रात होते ही बत्तियां बुझ जाती हैं और दिन भर की थकान के बाद पति-पत्नी बिस्तर पर लेटते हैं। तभी अचानक एक छोटी-सी घरेलू 'जंग' शुरू हो जाती है- 'अरे! यह मेरी साइड है, तुम उधर जाओ।' दूसरा व्यक्ति झुंझलाकर कहता है, 'क्या फर्क पड़ता है? बिस्तर तो एक ही है!' लेकिन सच तो यह है कि फर्क पड़ता है। थोड़ी ही देर में खींचतान के बाद दोनों अपनी-अपनी 'तय जगह' पर वापस आ जाते हैं।

अगर यह कहानी आपको जानी-पहचानी लग रही है, तो आप अकेले नहीं हैं। मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि बिस्तर की कोई खास साइड चुनना कोई तुक्का नहीं है. इसके पीछे हमारा मनोविज्ञान और गहरी आदतें छिपी हैं। आइए जानते हैं। स्टडी बताती है कि दुनिया में लगभग आधे वयस्क करवट लेकर सोना पसंद करते हैं। यह तरीका रीढ़ की हड्डी के लिए अच्छा है और इससे नींद भी कम टूटती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि किस करवट सोने का क्या असर होता है?


**दाईं करवट:** एक स्टडी के अनुसार, दाईं ओर सोने वालों को सबसे अच्छी नींद आती है। इससे प्रमुख अंगों और नसों पर कम दबाव पड़ता है।

**बाईं करवट:** अगर आपको एसिडिटी या रिफ्लक्स की समस्या है, तो बाईं ओर सोना बेहतर है क्योंकि इससे पेट, भोजन नली से नीचे रहता है। गर्भवती महिलाओं के लिए भी यह साइड अच्छी मानी जाती है।

**पीठ के बल सोना:** जो लोग पीठ के बल सोते हैं, उनकी नींद बार-बार टूटने और खर्राटे या 'स्लीप एपनिया' का खतरा ज्यादा रहता है।

### सुरक्षा और दिमाग का खेल

बिस्तर की साइड चुनने के पीछे सिर्फ शरीर का आराम नहीं,



बल्कि हमारे पूर्वजों से मिला डर और सुरक्षा का भाव भी है। हम अचेतन मन से सुरक्षा तलाशते हैं। कुछ लोग दीवार की तरफ सोना पसंद करते हैं क्योंकि वहां उन्हें सुरक्षित महसूस होता है। वहीं, कुछ लोग दरवाजे के पास वाली साइड चुनते हैं।

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, ऐसे लोग खुद को 'रक्षक' की भूमिका में देखते हैं या खतरे के समय भागने का रास्ता पास रखना चाहते हैं। जैसे हम क्लासरूम या ऑफिस में एक ही सीट पर बैठना पसंद करते हैं, वैसे ही दिमाग को बिस्तर की वही पुरानी जगह 'कंफर्ट' देती है।

### पर्सनैलिटी का भी है कनेक्शन

पढ़ने में अजीब लग सकता है, लेकिन आपकी साइड आपकी पर्सनालिटी के बारे में भी बताती है। यूके में 2011 में हुई एक स्टडी में पाया गया कि, बाईं ओर सोने वाले लोग जीवन में ज्यादा खुश और आशावादी पाए गए। दाईं ओर सोने वाले लोग थोड़े गंभीर और रूटीन फॉलो करने वाले माने गए। अक्सर कपल्स रिश्ते की शुरुआत में ही अपनी साइड तय कर लेते हैं और फिर शायद ही कभी उसे बदलते हैं।

करवट लेकर सोना हमारे दिमाग के 'वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम' के लिए अच्छा हो सकता है। जानवरों पर हुई स्टडी बताती है कि करवट लेकर सोने से दिमाग से टॉक्सिन्स आसानी से बाहर निकलते हैं, जिससे भविष्य में अल्जाइमर जैसी भूलने की बीमारी का खतरा कम हो सकता है।

### हम साइड क्यों नहीं बदल पाते?

एक बार जब 'फेवरेट साइड' तय हो जाती है, तो उसे बदलना बहुत मुश्किल होता है। इसे 'मसल्स मेमोरी' और मनोवैज्ञानिक आदत कहा जाता है। हमारा दिमाग उस खास जगह को नींद और सुरक्षा के साथ जोड़ लेता है। यही कारण है कि जब हम किसी होटल या नए घर में जाते हैं, तो साइड बदलने पर हमें अजीब बेचैनी महसूस होती है।

## आज का राशिफल

**मेष** : परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। थकान रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। अहंकार के भाव मन में न आने दें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा। आर्थिक स्थिति संतोषप्रद रहेगी।

**वृषभ** : धनागम होगा। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति के योग हैं। स्वाध्याय के महत्व को समझें। संतान को अपने कार्यों में सफलता मिल सकेगी।

**मिथुन** : स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। स्वार्थ एवं भोग की प्रवृत्ति के कारण अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं कर पाएंगे।

**कर्क** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। विवाद न करें। दु:खद समाचार मिल सकता है। लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। शत्रु से सतर्क रहें। काम के प्रति लापरवाही न करें, किसी बात पर मतभेद की संभावना है।

**सिंह** : प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी। आर्थिक योजनाओं में धन का निवेश हो सकता है। पड़ोसियों से किसी बात पर मतभेद की संभावना है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या** : वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। थकान रहेगी। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। अपना व्यवहार संयमित रखकर काम करें। मानसिक बेचैनी रहेगी। मित्रों की मदद से समस्या का समाधान हो सकेगा। समय का सदुपयोग होगा।

**तुला** : बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सफलता की संभावना है। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होने के योग हैं।

**वृश्चिक** : फालतू खर्च होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है। कुसंगति से हानि होगी। अनसोचे कार्य होंगे। दांपत्य जीवन में मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक समस्याएं सूझबूझ से निपटाएं। कार्य में सहयोग मिलेगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**धनु** : पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। व्यापारिक गोपनीयता भंग न करें। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा। व्यापार की चिंता रहेगी। आपसी विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा। आशानुरूप स्थिति बनेगी।

**मकर** : नए अनुबंध हो सकते हैं। व्यवसाय ठीक चलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ में कमी आ सकती है। उचित मार्गदर्शन लेना जरूरी होगा। प्रमाद न करें।

**कुंभ** : धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। यश, प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे। अनसोचे कामों में हाथ नहीं डालें। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**मीन** : व्यापार में लाभ होने के योग हैं। धार्मिक कामों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी से विवाद हो सकता है। अपनी स्थिति, योग्यता के अनुरूप कार्य करें। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम न लें। झंझटों में न पड़ें। आय में कमी होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# औषधीय गुणों का खजाना अरंडी पौधा पाइल्स से लेकर घाव तक में असरदार

प्रकृति में ऐसे अनेक पेड़-पौधे मौजूद हैं, जो बिना किसी विशेष देखभाल के अपने आप उग आते हैं और आयुर्वेद में बेहद उपयोगी माने जाते हैं. इन्हीं औषधीय पौधों में एक नाम है अरंडी, जिसे ग्रामीण भाषा में रेडी बोलते हैं. चौड़ी पत्तियों वाला अरंडी का पौधा एक बारहमासी झाड़ी होता है. इसका तना भले ही कमजोर होता है लेकिन इसकी पत्तियां, बीज और टहनियां आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर मानी जाती हैं. प्राचीन समय से ही पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में इसका उपयोग होता आ रहा है. इसके औषधीय गुणों को देखते हुए अब किसान भी इसकी खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं. अरंडी के बीजों से निकाले वाला अरंडी का तेल आज आयुर्वेदिक दवाओं, घरेलू नुस्खों और कॉस्मेटिक उत्पादों में बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है.

### कब्ज के इलाज में प्राकृतिक रेचक

डॉ पटेल ने आगे बताया कि अरंडी का तेल कब्ज के इलाज में एक प्राकृतिक रेचक के रूप में काम करता है. यह पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है और पेट साफ करने में मददगार होता है. इसके साथ-साथ यह बालों की सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है. अरंडी का तेल बालों की जड़ों को मजबूत करता है, डैंड्रफ को कम करता है और बालों की ग्रोथ बढ़ाने में सहायक माना जाता है.



### महिलाओं के लिए लाभकारी अरंडी का तेल

महिलाओं के लिए भी अरंडी का तेल लाभकारी बताया गया है. डॉ पटेल ने बताया कि मासिक धर्म के दौरान पेट के निचले हिस्से में अरंडी के तेल की हल्की मालिश करने से दर्द में आराम मिल सकता है. वहीं बवासीर की समस्या में इसके तेल को मस्सों पर लगाने से सूजन और जलन में राहत मिलती है.

### अरंडी की पत्तियों का भी खास महत्व

डॉ बालेंद्र शेखर पटेल ने बताया कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में अरंडी की पत्तियों का भी खास महत्व है. अरंडी की पत्तियों को हल्का गर्म कर सूजन या दर्द वाली जगह पर बांधने से आराम मिलता है. आदिवासी क्षेत्र में आज भी रात के समय अरंडी की पत्तियों पर तेल लगाकर दर्द वाली जगह पर बांधने की परंपरा प्रचलित है. अरंडी एक ऐसा पौधा है, जो ग्रामीण क्षेत्र में आसानी से मिल जाता है और अनेक स्वास्थ्य समस्याओं में लाभकारी माना जाता है. यही वजह है कि आधुनिक दौर में भी इसकी उपयोगिता लगातार बढ़ती जा रही है.

# सुबह उठकर सबसे पहले पानी क्यों पीना चाहिए?

पुराने समय में लोग रात को सोते समय अपनी चारपाई के पास पानी से भरा लोटा रखते थे. सुबह उठकर सबसे पहले उसी पानी को पी लेते थे. आयुर्वेद की मानें तो यह आदत सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होती है. रातभर सोने के दौरान हमारा शरीर पानी की कमी से थोड़ा डिहाइड्रेट हो जाता है, इसलिए सुबह खाली पेट पानी पीना जरूरी होता है.

यूपी के अलीगढ़ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पीयूष माहेश्वरी ने बताया कि सुबह खाली पेट पानी पीने से शरीर के दोष संतुलित रहते हैं और पाचन शक्ति मजबूत होती है. पानी शरीर से टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है और आंतरिक सफाई करता है. पानी का सेवन पाचन तंत्र को सक्रिय करता है और खाने को अच्छे से पचाने में सहायक होता है.

आयुर्वेद में बताया गया है कि सुबह खाली पेट पानी पीने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है. यह वजन कंट्रोल करने में भी मदद करता है, क्योंकि तेज मेटाबॉलिज्म से कैलोरी जल्दी बर्न होती है. सुबह उठते ही 1



से 2 गिलास गुनगुना पानी पीना सबसे बेहतर माना जाता है, क्योंकि यह शरीर को धीरे-धीरे सक्रिय करता है. खाली पेट पानी पीने से किडनी और लिवर जैसी अंगों की सफाई होती है. यह शरीर में जमा हुए टॉक्सिन्स को बाहर निकालता है और यूरिन संबंधी बीमारियों के जोखिम को कम करता है. साथ ही यह किडनी स्टोन का खतरा भी कम कर सकता है.

आयुर्वेद में बताया गया है कि सुबह पानी पीने से त्वचा की सेहत भी बेहतर रहती है. यह त्वचा को हाइड्रेट रखता है और झुर्रियों और दाग-धब्बों को कम करने में मदद करता है. नियमित रूप से खाली पेट पानी पीने से स्किन में प्राकृतिक नमी बनी रहती है और चेहरे की रंगत भी सुधरती है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### महिला की नग्न, सड़ी-गली और जली लाश देख हैरान रह गए किसान, गन्ने के खेत में वारदात

**हापुड़.** हापुड़ जिले में गन्ने के एक खेत में एक महिला की नग्न, सड़ी-गली और जली लाश मिलने से किसान हैरान रह गए। महिला के साथ क्या हुआ? यह अभी तक साफ नहीं है लेकिन लाश की हालत देखकर लोग उसके साथ रेप के बाद कत्ल किए जाने की आशंका जता रहे हैं। लोगों का कहना है कि शव कम से कम पांच दिन पुराना लग रहा है। यह लाश हापुड़ के बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के लहडरा गांव में मिली है। गांव के एक किसान के खेत में किसान गन्ने की छिलाई करने पहुंचे थे। वहां एक महिला का शव पड़ा हुआ था। शव को देखकर किसान सन्नाटे में आ गए। उन्होंने शोर मचाकर ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इक्ट्ठा हो गई। महिला का शव काफी सड़-गल गया था और उसका चेहरा भी जला हुआ था। ऐसा लग रहा था जैसे महिला की पहचान छिपाने के लिए उसका चेहरा जलाया गया है। गांववालों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### अमरोहा में रेप के आरोपी का हाफ एनकाउंटर, 3 साल की मासूम के साथ की थी दरिंदगी

**अमरोहा.** अमरोहा में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। दरअसल, सैद नगली कस्बे में एक युवक ने घर के बाहर खेल रही बच्ची को बहला फुसलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म किया। लहूलुहान हालत में आरोपी पीड़िता को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। उधर, बुधवार तड़के आरोपी पुलिस ने हाफ एनकाउंटर के बाद युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपीत के पैर में गोली लगी है।

### मासूम से हैवानियत, दरिंदे को सजा-ए-मौत

**बांदा.** बांदा जिले के कालिंजर थाना क्षेत्र के एक गांव में छह साल की बच्ची से हैवानियत के मामले में मंगलवार को कोर्ट ने दरिंदे को सजा-ए-मौत सुनाई है। आरोप पत्र दाखिल होने के 56 वें दिन फैसला सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो प्रदीप कुमार मिश्रा की अदालत ने कहा कि दोषी अमित रैकवार को मृत्यु होने तक फांसी पर लटकाए रखा जाए। दोषी घटना के समय से ही जेल में निरुद्ध है।

### मधुमक्खियों से बचने के लिए जलाई आग, उसी में जिंदा जल गया बुजुर्ग

**बाराबंकी.** बाराबंकी से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां कोतवाली क्षेत्र के गौतमनपुरवा मजरे रौनी गांव से कुछ दूरी पर सरपत काटने गए वृद्ध ने मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए आग जला दी। उसी आग में खुद ही जिंदा जल गया। जब तक गांव के लोग बचाने की कोशिश करते तब मौत हो चुकी थी। परिजन खोजते हुए घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्हें मामले की जानकारी हुई। गौतमनपुरवा मजरे रौनी गांव के रहने वाले 61 साल के रामऔतार मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे बाजार से लौटने के बाद सरपत काटने के लिए गांव से करीब एक किमी दूर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किनारे गए थे। इसी बीच मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए रामऔतार ने सरपत में आग लगाकर धुआं कर दिया। ताकि मधुमक्खियां वहां से भाग जाएं। इसी बीच आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और वह चारों तरफ से आग से घिर गए और जिंदा ही आग में जल गए। जानकारी होने पर जब तक आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे उनकी मौत हो चुकी थी। देर शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान एक राहगीर ने वृद्ध रामऔतार के जलकर मौत की सूचना दी। इस पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां रामऔतार जले पड़े थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-कुत्तों के चलते लोग कब तक परेशानी झेलेंगे

- स्कूल और कोर्ट कैंपस में कुत्तों की क्या जरूरत
- वे बच्चों-बड़ों को काट रहे, लोग मर रहे




**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुनवाई हुई। बहस में कुत्तों के मूड, कुत्तों की काउंसलिंग, कम्युनिटी डॉग्स और इंस्टीट्यूशनलाइज्ड डॉग्स जैसे शब्द सामने आए।

कोर्ट ने कहा कि मामला सिर्फ कुत्ते के काटने का नहीं है। वो जब सड़क पर दौड़ते हैं या किसी का पीछा करते हैं उससे एक्सीडेंट का खतरा रहता है। इसलिए रोकथाम इलाज से बेहतर है।

इसको लेकर बहस में आवारा कुत्तों के फेवर में पैरवी कर रहे कपिल सिब्बल ने कहा कि लोग सेंटर पर फोन कर सकते हैं ताकि उन्हें पकड़कर नसबंदी की जा सके।

फिर कोर्ट ने कहा, अब तो बस एक ही चीज बाकी है, कुत्तों को भी काउंसलिंग देना। ताकि वापस छोड़े जाने पर वह काटे नहीं।

कोर्ट ने आगे सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि कुत्तों के कारण आम लोगों को आखिर कब तक परेशानी झेलनी पड़ेगी। अदालत ने स्पष्ट किया कि उसका आदेश सड़कों के लिए नहीं, बल्कि केवल संस्थागत क्षेत्रों के लिए है।

पीठ ने सवाल उठाया कि स्कूलों, अस्पतालों और अदालत परिसरों के भीतर आवारा कुत्तों की क्या आवश्यकता है और उन्हें वहां से हटाने पर क्या आपत्ति हो सकती है।

इस बीच सिब्बल ने कहा, जब भी मैं मंदिरों वगैरह में गया हूं, मुझे कभी किसी ने नहीं काटा। सुप्रीम कोर्ट ने जवाब दिया- 'आप खुशकिस्मत हैं। लोगों को काटा जा रहा है, बच्चों को काटा जा रहा है। लोग मर रहे हैं।'

अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि हर कुत्ता नहीं काटता, लेकिन कोर्ट ने एक नया पहलू सामने रखा। बेंच ने कहा, 'सड़कों पर गाड़ियों के सामने अचानक कुत्तों का आना गंभीर हादसों का कारण बनता है। सड़कों को कुत्तों से साफ और मुक्त रखना होगा ताकि वाहन चालक सुरक्षित रहें। स्कूल, अस्पताल और सार्वजनिक संस्थानों में कुत्तों की मौजूदगी की कोई जरूरत नहीं है।'

# महाराष्ट्र कांग्रेस उपाध्यक्ष हिदायतुल्ला पटेल की हत्या

- मस्जिद में नमाज के बाद गले और सीने में चाकू से गोदा
- इलाज के दौरान मौत; एक आरोपी गिरफ्तार



**अकोला.** महाराष्ट्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष हिदायतुल्ला पटेल पर मंगलवार को अकोला जिले की मोहला मस्जिद में चाकू से हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल पटेल बुधवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना पुरानी रंजिश के कारण हुई मानी जा रही है।

पुलिस के अनुसार, पटेल मंगलवार को मोहला गांव की एक मस्जिद में दोपहर की नमाज अदा कर रहे थे। लगभग 1.30 बजे जैसे ही वे मस्जिद से बाहर निकले, आरोपी ने उनके गले और सीने में धारदार हथियार से हमला किया। घटना के बाद पटेल को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया।

पटेल को अकोट के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। इंटेंसिव केयर यूनिट (ICU) में उनका इलाज चल रहा था। बुधवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में उन्हें खून से लथपथ कपड़े पहने मस्जिद से बाहर निकलते देखा जा सकता है।

### एक आरोपी गिरफ्तार, पुरानी रंजिश में हमला

पुलिस ने हत्या के आरोप में उबेद खान कालू खान उर्फ रजीक खाम पटेल (22) को गिरफ्तार किया है। आरोपी को मंगलवार रात करीब 8 बजे अकोट तालुक के पनज गांव से गिरफ्तार किया गया। शिकायत कांग्रेस पार्षद सुवर्णा कल्लाकुंटला ने दर्ज कराई थी।

**ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी फर्म का दावा**

# पाकिस्तान ने संघर्ष रुकवाने के लिए 60 बार गुहार लगाई

अमेरिका के फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट (FARA) के दस्तावेज सार्वजनिक हुए हैं। इसके मुताबिक पिछले साल अप्रैल में भारत के चलाए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान डर गया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जंग रोकने के लिए पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमैट के जरिए लॉबिंग की थी। इसके तहत अमेरिका में शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों, सांसदों, पेंटागन और विदेश विभाग के अफसरों के साथ करीब 60 बार संपर्क किया था।

FARA के तहत अमेरिकी न्याय विभाग में दाखिल दस्तावेजों से पता चला है कि पाकिस्तानी राजनयिकों ने ईमेल, फोन कॉल, वन-टु-वन बैठकों के जरिए अप्रैल अंत से लेकर 4 दिन के ऑपरेशन सिंदूर के बाद तक संघर्ष विराम के लिए बैठकें जारी रखी थीं।

पाकिस्तान किसी भी तरह से भारत पर अमेरिका का दबाव बनाकर युद्ध रुकवाना चाहता था। उसने ट्रम्प प्रशासन तक तेजी से पहुंच बनाने, व्यापार और कूटनीतिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए 6 लॉबिंग फर्मों पर करीब ₹45 करोड़ खर्च किए थे।

# ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने मांगी माफी

**शिवाजी : हिंदू किंग इन इस्लामिक इंडिया पुस्तक में शिवाजी महाराज के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं**




ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (OUP) इंडिया ने छत्रपति शिवाजी महाराज के 13वें वंशज उदयनराजे भोसले और जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। यह माफी 2003 में प्रकाशित किताब शिवाजीः हिंदू किंग इन इस्लामिक इंडिया में कुछ असत्यापित बयानों को लेकर मांगी गई है।

एक समाचार पत्र में प्रकाशित एक सार्वजनिक सूचना में ओयूपी इंडिया ने स्वीकार किया कि 2003 में प्रकाशित पुस्तक- शिवाजीः हिंदू किंग इन इस्लामिक इंडिया के पृष्ठ 31, 33, 34 और 93 पर दिए गए कुछ कथन अप्रमाणित थे।

अमेरिकी लेखक जेम्स लेन द्वारा लिखित इस पुस्तक ने विवाद को जन्म दिया था, जब जनवरी 2004 में संभाजी ब्रिगेड के 150 से अधिक कार्यकर्ताओं ने पुणे के लॉ कॉलेज रोड स्थित प्रसिद्ध भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट (बोरी) में तोड़फोड़ की थी। उनका आरोप था कि इस संस्थान ने लेखक की मदद की थी, जिसने कथित तौर पर पुस्तक में शिवाजी महाराज के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

नोटिस में प्रकाशक ने उन बयानों के प्रकाशन पर खेद व्यक्त किया और छत्रपति उदयनराजे भोसले और आम जनता से ₹किसी भी प्रकार की पीड़ा और दुखर₹ के लिए माफी मांगी। नोटिस में कहा गया है कि यह माफीनामा ओयूपी के पूर्व प्रबंध निदेशक सईद मंजर खान की ओर से जारी किया गया था।

बॉम्बे हाई कोर्ट की कोल्हापुर बेंच के निर्देश पर OUP इंडिया ने अखबार में सार्वजनिक नोटिस जारी कर माफी मांगी। नोटिस में पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर सईद मंजर खान की ओर से कहा गया है कि वे इन बयानों के प्रकाशन पर खेद व्यक्त करते हैं और उदयनराजे भोसले तथा आम जनता को हुई किसी भी पीड़ा या मानसिक आघात के लिए माफी मांगते हैं। OUP ने स्पष्ट किया कि किताब में दिए गए ये बयान सत्यापित नहीं थे और उनके प्रकाशन से हुई असुविधा के लिए वे क्षमाप्रार्थी हैं। यह मामला लंबे समय से कोर्ट में चल रहा था और हाई कोर्ट के हालिया फैसले के बाद यह माफी जारी की गई।

# चार्जशीट मानने को तैयार नहीं हादी का संगठन

- खून बहाने की धमकी



**ढाका.** बांग्लादेश के चर्चित छात्र नेता और राजनीतिक कार्यकर्ता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के मामले में नया राजनीतिक घमासान खड़ा हो गया है। उनके संगठन इंकलाब मंच ने ढाका पुलिस द्वारा दाखिल चार्जशीट को खारिज करते हुए आरोप लगाया है कि इस हत्या में केवल स्थानीय राजनीतिक तत्व नहीं, बल्कि पूरी आपराधिक साठगांठ और राज्य तंत्र शामिल है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि न्याय नहीं मिला तो जनआंदोलन और तेज होगा।

**पुलिस की चार्जशीट पर संगठन का कड़ा ऐतराज**

ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच ने मंगलवार को इस हत्याकांड में 17 लोगों के खिलाफ औपचारिक आरोप पत्र दाखिल किया। पुलिस के अनुसार, हादी की हत्या राजनीतिक प्रतिशोध में की गई और इसके पीछे सत्तारूढ़ आवामी लीग से जुड़े वार्ड पार्षद तैजुल इस्लाम चौधरी उर्फ बप्पी का हाथ था। मुख्य आरोपी के तौर पर फैसल करीम मसूद का नाम शामिल किया गया है।

हालांकि, इंकलाब मंच के सदस्य सचिव अब्दुल्ला अल जाबेर ने चार्जशीट पर सवाल उठाते हुए कहा कि कोई भी समझदार व्यक्ति यह नहीं मानेगा कि एक राष्ट्रीय स्तर के नेता की हत्या केवल एक वार्ड पार्षद के निर्देश पर हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि चार्जशीट में असली साजिशकर्ताओं के नाम शामिल नहीं किए गए हैं।

### 'मार्च फॉर जस्टिस' के बाद तीखी चेतावनी

ढाका में 'मार्च फॉर जस्टिस' कार्यक्रम के समापन के बाद जाबेर ने कहा कि संगठन ने अब तक शांतिपूर्ण तरीके से न्याय की मांग की, लेकिन सरकार जनता की भावनाओं को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर न्याय नहीं मिला तो जिन लोगों ने खून बहाया है, जरूरत पड़ी तो उनसे खून लिया भी जाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि हादी की हत्या के पीछे 'भारतीय प्रभुत्व' से जुड़ा बड़ा राजनीतिक संदर्भ है। हालांकि उन्होंने इसके समर्थन में कोई ठोस सबूत पेश नहीं किए।

### नवजात बच्चों की आंखों में भी हो रहा मोतियाबिंद

नवजात बच्चों की आंखों में भी मोतियाबिंद हो रहा है। यूपी के पूर्वांचल में इस तरह के मामले आने से लोग डर गए हैं। आजमगढ़, गाजीपुर और जौनपुर जनपद में तीन माह में 15 से अधिक केस सामने आए हैं। इनके उपचार में शुरुआती छह से आठ सप्ताह महत्वपूर्ण होते हैं। नवजातों की दृष्टि के विकास के लिए यह समय बेहद अहम होता है। इसी अवधि में सर्जरी कर बच्चों की आंखों की रोशनी बचाई जा रही है। डॉक्टरों के मुताबिक, जन्मजात मोतियाबिंद में जन्म से ही या कुछ दिन बाद आंख का लेंस धुंधला हो जा रहा है। समय से उपचार न मिलने पर नवजात अंधे हो सकते हैं। शुरुआती दिनों में जानकारी होने के बाद उनका उपचार कराया जा रहा है।

# कर्नाटक में हिरासत के दौरान BJP महिला कार्यकर्ता से मारपीट

- आरोप- कपड़े फाड़े
- SIR लिस्ट से नाम कटवाने पर कांग्रेस पार्षद ने केस किया था



**हुब्बली.** कर्नाटक के हुब्बली शहर में मंगलवार को पुलिस हिरासत के दौरान एक भाजपा महिला कार्यकर्ता से मारपीट का मामला सामने आया। महिला ने कपड़े फाड़े जाने का भी आरोप लगाया है। बीजेपी कार्यकर्ता को कांग्रेस पार्षद की शिकायत पर हिरासत में लिया गया था। घटना का एक वीडियो सामने आया है। पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। घटना से जुड़ा वीडियो सामने आया है, जिसमें महिला कार्यकर्ता को बस के अंदर पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों से घिरा देखा जा सकता है। आरोप है कि हिरासत के दौरान महिला ने पुलिस कार्रवाई पर आपत्ति जताई और विरोध किया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके कपड़े भी फट गए।

एनडीटीवी के मुताबिक, महिला को कांग्रेस की पार्षद सुवर्णा कल्लाकुंटला की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर हिरासत में लिया गया था। यह शिकायत केशवापुर राणा इलाके में मतदाता सूची संशोधन से जुड़े विवाद को लेकर दर्ज कराई गई थी।

मतदाता सूची संशोधन के दौरान कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच पहले भी विवाद हुआ था। आरोप लगाया गया था कि महिला कार्यकर्ता ने कुछ मतदाताओं के नाम सूची से हटाने में अधिकारियों की मदद की थी।

# बांग्लादेश को भारत में ही खेलने होंगे वर्ल्ड कप मुकाबले




- ICC ने वेन्यू बदलने की मांग खारिज की
- नहीं खेले तो पॉइंट्स कटेंगे

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) की टी-20 वर्ल्ड कप के वेन्यू बदलने की मांग को खारिज कर दी है। ICC ने स्पष्ट किया है कि बांग्लादेश को अपने सभी लीग मैच भारत में ही खेलने होंगे, नहीं तो उसे अपने अंक गंवाने पड़ेंगे।

BCB ने मुस्तफिजुर रहमान को IPL से बाहर किए जाने के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत में टी-20 वर्ल्ड कप के मैच खेलने से इनकार कर दिया था और ICC से अपने मैच श्रीलंका में शिफ्ट करने की अपील की थी।

न्यूज एजेंसी ANI की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को ICC अध्यक्ष जय शाह और कुछ अन्य अधिकारी मुंबई में मौजूद थे। उन्होंने पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के अधिकारियों से चर्चा की और उसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से बातचीत की। ICC ने साफतौर पर कहा कि वेन्यू में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और बांग्लादेश को भारत में ही वर्ल्ड कप के मैच खेलने होंगे, नहीं तो उसे अंक गंवाने होंगे।

### क्या है पूरा विवाद?

16 दिसंबर को IPL मिनी ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9 .20 करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके बाद बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण भारत में मुस्तफिजुर का विरोध होने लगा। अब तक वहां 6 हिंदुओं की हत्या कर दी गई है। बाद में BCCI ने मुस्तफिजुर को IPL खेलने की अनुमति नहीं दी और 3 जनवरी को KKR ने उन्हें रिलीज कर दिया।

# बंगाल सहित 5 राज्यों में BJP ने झोंकी ताकत

- UP का भी फीडबैक; पंजाब के लिए अलग तैयारी



**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी (BJP) नेतृत्व भले ही अभी इस साल अप्रैल में होने वाली पांच विधानसभाओं के चुनाव के लिए पूरी ताकत झोंके हुए है, लेकिन उसकी संगठनात्मक तैयारी वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए भी शुरू हो गई है। इसके लिए संगठन स्तर पर व्यापक फीडबैक लिया जा रहा है। भावी संगठनात्मक ढांचे को उसी के अनुरूप तैयार किया जाएगा। यह इसलिए भी अहम है, क्योंकि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के चुनाव भी वर्ष 2027 में होने हैं। इससे पहले भाजपा के सामने अभी अप्रैल में होने वाले पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु एवं पद्दुचेरी के विधानसभा चुनाव हैं, जिसमें उसने पूरी ताकत झोंकी हुई है। चूंकि भाजपा की संगठनात्मक तैयारी दीर्घावधि की होती है इसलिए उसने अभी से यूपी, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर, गोवा और गुजरात से चुनावी फीडबैक लेना शुरू कर दिया है। संगठन के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का विधिवत चुनाव भी इसी माह हो जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ही नए अध्यक्ष होंगे, इसलिए उनके नेतृत्व में चुनाव वाले राज्यों की संगठनात्मक तैयारी होंगी।

### चुनावी लिहाज से नई टीम

सूत्रों के अनुसार, इन राज्यों में बनाए जा रहे नए संगठन में भी इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि चुनावी दृष्टि से किस तरह का ढांचा तैयार किया जाए। गुजरात के चुनाव तो अगले साल दिसंबर में होंगे, लेकिन उसके पहले फरवरी में होने वाले उत्तर प्रदेश समेत पांच विधानसभाओं के चुनाव अहम हैं। उत्तर प्रदेश के नए अध्यक्ष के चुनाव के बाद वहां पर नई टीम एवं संभावित मंत्रिमंडल विस्तार भी चुनावी लिहाज से होना है।

### पंजाब को लेकर अलग तरह की तैयारी

सूत्रों के अनुसार, नितिन नबीन भी अपने दौरों में चुनाव वाले राज्यों पर ज्यादा फोकस करेंगे और इन राज्यों से जुड़े मसलों को प्राथमिकता से देखेंगे। पंजाब को लेकर भाजपा की तैयारी अलग तरह की रहेगी, क्योंकि वहां पर पार्टी की सरकार नहीं है। बाकी राज्यों में अपनी सरकार होने से भाजपा को सत्ता बरकरार रखने के लिए मेहनत करनी होगी।


## उल्हासनगर महानगरपालिका
## निवडणूक विभाग

मुख्य कार्यालय, दुसरा मजला, उल्हासनगर 421003 जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र
Tel No:- 0251-2720116/125 Ext. No. 237

जा.क्र.उमपा/निवडणुक /910/2026 — दिनांक 05/01/2026

**संदर्भ-सार्वजनिक बांधकाम विभागाकडील पत्र क्र.उमपा/साबांवि/का.अ.06/01/2025, दि.2/1/2026**

**शुध्दीपत्रक**

उल्हासनगर महानगरपालिका सार्वत्रिक निवडणूक 2025 अंतर्गत मा. राज्य निवडणूक आयोगाकडील दिनांक 20/12/2025 रोजीचे पत्रान्वये दिलेले निर्देशानुसार मतदान केंद्राच्या ठिकाणांची यादी प्रसिध्द करण्यात आली आहे. तसेच मतदान केंद्रनिहाय मतदार यादया दिनांक 3/1/2026 रोजी प्रसिध्द करण्यात आलेल्या आहेत.

तथापि, प्रभाग क्र. 8 मधील मतदान केंद्र क्र. 26 व 27 ठिकाण (समाजमंदिर (वधेरीया फाउडेशन) व्हाईट हाऊस जवळ, उल्हासनगर-2 ऐवजी पेंट ऑक्सफर्ड शाळा, उल्हासनगर-3 तळमजल्यावरील हॉलमध्ये 02 पार्टीशन येथे निश्चित करण्यात आले आहे. त्याचा तपशिल पुढीलप्रमाणे आहे.

| अ.क्र. | मतदान केंद्र ज्या यादीत आहे त्याचा प्रभाग क्रमांक | मतदान केंद्राचा अनुक्रमांक | पुर्वी ज्या इमारतीत केंद्र स्थित आहे ती इमारत | मतदान केंद्रात बदल केल्यानंतरचे ठिकाण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 26 व 27 | समाजमंदिर (वधेरीया फाउंडेशन) व्हाईट हाऊस जवळ, उल्हासनगर-2 | पेट ऑक्सफर्ड उल्हासनगर-3 तळमजल्यावरील हॉलमध्ये 02 पार्टीशन शाळा, |

तसेच प्रभाग क्र. 2 अंतर्गत मतदान केंद्र क्र. 13 मध्ये 1400 व मतदान केंद्र क्र. 14 मध्ये 107 तसेच प्रभाग क्र. 5 अंतर्गत मतदान केंद्र क्र. 8 मध्ये 821 व मतदान केंद्र क्र. 9 मध्ये 1337 इतकी मतदार संख्या तांत्रिक चुकीमुळे घेण्यात आल्याने त्यामध्ये सुधारणा करुन वाढीव मतदार लगतचे मतदान केंद्रात स्थलांतर करण्यात आले आहेत. त्याचा तपशिल पुढीलप्रमाणे आहे.

| अ.क्र. | प्रभाग क्रमांक | प्रभाग केंद्र क्रमांक | मुळ यादीतील मतदारांची संख्या | सुधारीत मतदार यादीतील क्रमांक | | एकुण मतदार संख्या | शेरा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पासुन | पर्यंत | | |
| 1 | 2 | 13 | 1400 | 1 | 900 | 900 | मतदान केंद्र क्रमांक 13 मधून 14 मध्ये स्थलांतर |
| 2 | 2 | 14 | 107 | 901 | 1400 | 500+108=607 | |
| 3 | 5 | 8 | 821 | 1 | 200 | 200+821=1021 | मतदान केंद्र क्रमांक 9 मधून 8 मध्ये स्थलांतर |
| 4 | 5 | 9 | 1337 | 201 | 1337 | 1337 | |

**तरी वरील बदलाची सर्व संबंधितांनी नोंद घ्यावी.**

**जा.क्र उमपा/पीआरओ/477/2026**
**दिनांक-07/01/2026**

सही/-
(**मनिषा आव्हाळे,** भा.प्र.से)
उल्हासनगर महानगरपालिका

## संक्षेप...

### 17 साल के लड़के की हत्या के आरोप में 2 युवक गिरफ्तार

**मुंबई.** क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को दो युवकों को गिरफ्तार किया और दो नाबालिगों को हिरासत में लिया। आरोप है कि उन्होंने 29 दिसंबर को विश्रांतवाड़ी से एक 17 साल के लड़के को किडनैप करके उसकी हत्या कर दी थी।

आरोप है कि लड़के को किडनैप करके उसकी हत्या कर दी गई थी। पीड़ित की मां, अनीता सुरेंद्रसिंह गचंद (44), जो टिंगरेनगर की रहने वाली हैं, ने 31 दिसंबर को विश्रांतवाड़ी पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। उनका बेटा अमनसिंह (17) 29 दिसंबर की सुबह घर से निकला था और वापस नहीं आया।

# अब ठाणे में 100 का आंकड़ा पार हो गया है

### BJP-शिवसेना महायुति का 'निर्धारणनामा' जारी

**ठाणे.** केंद्र सरकार यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ज़रिए किए गए काम, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का ठाणे पर खास ध्यान और ठाणेकरों के दिलों में BJP-शिवसेना महायुति को मिली जगह की वजह से महायुति इस नगर निगम चुनाव में 100 का आंकड़ा पार कर जाएगी। राज्यसभा सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे ने भरोसा जताया।ठाणे नगर निगम चुनाव-2026 के लिए मंगलवार (6 जनवरी) को वर्तकनगर में भारतीय जनता पार्टी के ठाणे डिविजनल ऑफिस में महायुति का ₹ठाणे निर्धारणनामा₹ जारी किया गया। सहस्त्रबुद्धे उस समय बोल रहे थे। इस मौके पर BJP MLA संजय केलकर, BJP के ठाणे चुनाव इंचार्ज ए. निरंजन डावखरे, शिवसेना (शिंदे ग्रुप) के स्टेट सेक्रेटरी राम रेपाले, BJP ठाणे डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट संदीप लेले, सुजय पटकी, स्पोक्सपर्सन सागर भाडे और मनाली गायकवाड़ वगैरह BJP के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद थे। इस मौके पर MLA केलकर ने माननीय MP सहस्त्रबुद्धे के उस दावे को दोहराया कि BJP-शिवसेना गठबंधन 100 पार करेगा और साथ ही पक्का यकीन जताया कि ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन पर एक बार फिर भगवा परचम लहराएगा। BJP-शिवसेना गठबंधन ने ठाणे शहर के लिए 54 पॉइंट वाले 'निर्धारणनामा' का ऐलान किया है। जिसमें शहर में मिनी क्लस्टर स्कीम लागू करने के साथ-साथ ठाणेकरों के लिए 24 घंटे पानी सप्लाई और नए हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के लिए पानी के दोबारा इस्तेमाल की पॉलिसी का ऐलान किया गया है। साथ ही, हर तीन महीने में वार्ड मीटिंग होगी और वार्ड के हिसाब से खर्च का डिजिटल बोर्ड लगाया जाएगा।




ठाणे को साफ, हरा-भरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए, CSR के ज़रिए झीलों का सौंदर्यीकरण और पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएंगी। वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट्स लगाने के साथ-साथ शहर में अंडरग्राउंड कूड़ेदान लगाए जाएंगे। इसी तरह, डबल ड्रेन क्लीनिंग के साथ सीवेज ऑडिट और एक्शन प्लान बनाया जाएगा। शहर के लिए एक कैंसर हॉस्पिटल, AIIMS की तर्ज पर एक बड़ा हॉस्पिटल, महिलाओं के लिए रेगुलर हेल्थ चेक-अप वैन, क्योंकि ठाणे सांस्कृतिक राजधानी है, छह से आठ बड़े पार्क, थिएटर, फिल्म फेस्टिवल, स्ट्रीट आर्ट, म्यूजिक फेस्टिवल, डिजिटल लाइब्रेरी वगैरह बनाए जाएंगे और IPL और इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन आयोजित करने के लिए नए स्टेडियम बनाए जाएंगे। स्किल डेवलपमेंट और रोजगार परक डिजिटल शिक्षा के साथ-साथ, नगर निगम के स्कूलों में सेमी-इंग्लिश तरीके से TMT सर्विस के लिए लंबे समय का एक्शन प्लान, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को मजबूत बनाया जाएगा और हर मेट्रो स्टेशन से इलाके में मिनी बसों का नेटवर्क उपलब्ध कराया जाएगा। महायुति ने ठाणे शहर में एक मॉडर्न पार्किंग स्टेशन और एक इंटरनल रिंग मेट्रो बनाने का अपना इरादा जताया है।

ठाणेकरों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं देने के लिए, शहर में 197 km सड़कों का पूरा ऑडिट किया जाएगा और कंक्रीटिंग का काम 10 साल तक चलेगा। महायुति ने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की अलग फुटपाथ पॉलिसी और हॉकर पॉलिसी को लागू करने का पक्का इरादा जताया है, जिसमें पैदल चलने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी और पुरानी इमारतों के रीडेवलपमेंट की मंजूरी के लिए सिंगल-विंडो स्कीम लागू की जाएगी।

#### ठाणेकरों के हक के लिए डैम बनाने की कोशिश

उद्धव ठाकरे के सस्पेंशन की वजह से मेट्रो समेत कई डेवलपमेंट के कामों में देरी होने का आरोप लगाते हुए, ए. संजय केलकर ने दावा किया कि वह ठाणे शहर की दिक्कतों पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने हर ठाणेकर नागरिक का हैप्पीनेस इंडेक्स बढ़ाने का भी पक्का इरादा जताया। पानी सप्लाई के लिए एक मास्टर प्लान बनाया गया है और इसके तहत डूबे हुए तालाबों और कुओं को फिर से ठीक किया जाएगा। खास तौर पर, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का अपना डैम बनाने का एक कंस्ट्रक्टिव प्लान तैयार किया गया है, लेकिन जब तक डैम नहीं बन जाता, पानी के दूसरे सोर्स उपलब्ध कराए जाएंगे, ए. केलकर ने कहा।

## लता राजू गाजेंगी के डोर टू डोर प्रचार को मतदाताओं का भारी प्रतिसाद

# वार्ड में बहने लगी परिवर्तन की बयार

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा प्रभाग क्रमांक 22 (अ) में अबकी बार सत्ता परिवर्तन की बयार तेजी से बहना शुरू हो चुकी है. भिवंडी मनपा वार्ड क्रमांक 22 (अ) सीटी चुनाव निशान से चुनाव लड़ रहीं स्वतंत्र दमदार प्रत्याशी लता राजू गाजेंगी क्षेत्र की तमाम महिला समर्थकों के साथ डोर टू डोर प्रचार कर सीटी चुनाव निशान पर वोटिंग की मनुहार कर अन्य प्रत्याशियों से काफी आगे निकल चुकी हैं. वे चुनाव जीतकर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान सहित जरूरी विकास कार्यों को अंजाम देने का भरोसा क्षेत्रीय मतदाताओं को दे रही हैं. चुनाव प्रचार काफिले में भारी तादाद में पुरुष, महिलाओं की मौजूदगी से जनता का भारी प्रतिसाद मिलता दिखाई देने से विरोधी पक्ष के तमाम प्रत्याशियों की



बेचैनी बढ़ गई है. सीटी चुनाव निशान की प्रत्याशी लता राजू गाजेंगी के चुनाव प्रचार की कमान संभालने वाले उनके पति मनपा शिक्षण मंडल पूर्व सभापति राजू गाजेंगी ने अपने तेलुगू और उत्तर भारतीय समाज सहित सर्व समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ मानसरोवर,फेना गांव, फेना पाड़ा,भाग्य नगर, आशीर्वाद नगर,गणेश नगर आदि क्षेत्रों में घर घर जाकर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं.

### भाजपा परप्रांतीयों के खिलाफ

भाजपा पूर्व महासचिव राजू गाजेंगी का कहना है कि, भाजपा में 10 वर्षों तक विभिन्न पदों पर कार्य कर पार्टी संगठन को मजबूती दी बावजूद भाजपा ने टिकट नहीं देकर परप्रांतीय समाज के साथ घोर अन्याय किया है. शिक्षण सभापति कार्यकाल के दौरान सर्व समाज के गरीब बच्चों की शिक्षा की खातिर बगैर भेदभाव काम किया है. भिवंडी शहर में 10 हिंदी भाषी मनपा शाला की मंजूरी से हजारों उत्तर भारतीय बच्चों को प्राइमरी से हाईस्कूल तक मुफ्त शिक्षा का लाभ मिल रहा है.तेलुगू सहित उत्तर भारतीय समाज को अपना परिवार मानने वाले राजू गाजेंगी ने क्षेत्रीय मतदाताओं से अपील की है कि, दादागिरी, गुंडागीरी की भाषा बोलने वालों को घर बैठाएं और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की सोच रखने वाली स्वच्छ छवि, शिक्षित प्रत्याशी लता गाजेंगी को ही मतदान कर एक बार सेवा का मौका दीजिए. मनपा शिक्षण मंडल पूर्व सभापति गाजेंगी की कार्यशैली और स्वच्छ छवि को देखकर शुभचिंतक एवं वोटरों की फौज चुनाव प्रचार में शामिल होकर लता गाजेंगी की जीत सुनिश्चित करने में ताकत झोंक रहे हैं. प्रबुद्ध वोटरों के मिल रहे भारी प्रतिसाद से वार्ड नंबर 22 (अ) में 15 जनवरी को सम्पन्न होने वाले आगामी मनपा चुनाव में सत्ता परिवर्तन होना तय माना जा रहा है.

# पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार



**कल्याण.** कल्याण की कोलसेवाड़ी पुलिस ने पिस्टल समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम किरण निषाद (21) है, जो डोंबिवली पूर्व के देसलेपाड़ा का रहने वाला बताया जा रहा है। कोलसेवाड़ी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कल्याण पूर्व के नेतिवली परिसर में एक अज्ञात के पास अवैध हथियार होने की गुप्त सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना के आधार पर कोलसेवाड़ी के थाना इंचार्ज हेमंत गुरव के मार्गदर्शन में क्राइम निरीक्षक गणेश न्हयादे और उनकी टीम ने नेतिवली परिसर में जाल बिछाकर एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध पिस्टल बरामद हुई। पिस्टल की कीमत 25 हजार रुपये बताई गई है। इस खबर से शहर में सनसनी मच गई है, क्यों कि चुनाव का समय है और ऐसे में एक युवक का खुलेआम पिस्टल लेकर घूमना पुलिस के सामने कई सवाल खड़े कर रहा है। फिलहाल आरोपी कोलसेवाड़ी पुलिस की हिरासत में है, और पुलिस उससे आगे की पूछताछ कर रही है।

# मतदाता ऐप में मतदान सूची दर्ज करवाएं

## मनपा ने राज्य चुनाव आयोग से की मांग

**ठाणे.** मनपा आम चुनाव 2025 के बैकग्राउंड में,मतदाता को ज़्यादा आसान और तेज़ सर्विस देने के लिए राज्य चुनाव आयोग की ओर से जारी 'मतदान राइट्स' ऐप में का सीरियल नंबर दर्ज का प्रोविज़न करने की मांग की गई है। इस बारे में ठाणे मनपा अतिरिक्त आयुक्त(2) प्रशांत रोडे ने एक पत्र के ज़रिए राज्य चुनाव आयोग के सचिव से मांग की।'मतदान राइट्स' ऐप के ज़रिए मतदाता को मनपा आम चुनाव के लिए तय किए गए मतदाता सूची पार्ट नंबर के साथ-साथ वार्ड नंबर और बूथ नंबर की जानकारी आसानी से मिल रही है। संबंधित बूथ पर मतदाता सूची में मतदाता के नाम की क्रम संख्या के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण मतदान के दिन मतदान केंद्र पर मतदान अधिकारी क्रमांक 1 को पूरी सूची की जांच करनी पड़ सकती है और मतदाता का नाम ढूंढना पड़ सकता है, जिससे मतदान प्रक्रिया में देरी हो सकती है।इस समस्या को दूर करने के लिए 'मतदान अधिकार' ऐप के सर्च इंजन में मतदाता की क्रम संख्या के साथ-साथ मनपा वार्ड संख्या, सूची अनुभाग (बूथ) संख्या प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक प्रावधान और उपाय करने की मांग की गई है। इससे मतदान प्रक्रिया को आसान, तेज और अधिक पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी, इसका भी उल्लेख पत्र में किया गया है।आगामी ठाणे मनपा आम चुनावों की पृष्ठभूमि में, राज्य चुनाव आयोग की ओर से 'मतदान अधिकार' मोबाइल ऐप एक प्रभावी और उपयोगी माध्यम बन रहा है ताकि मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तृत, सटीक और अद्यतन जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। यह ऐप डिजिटल तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग करके घर बैठे मतदाताओं को जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। नागरिक मतदान अधिकार ऐप में जानकारी भरकर अपने पोलिंग स्टेशन की लोकेशन के बारे में भी जानकारी ले रहे हैं और नागरिकों ने मनपा को बताया है कि लिस्ट में सीरियल नंबर इस ऐप में नहीं दिख रहा है और इस बारे में मनपा ने राज्य चुनाव आयोग को पत्र लिखा है।

## स्वर्णकार बंगाली संघ मुलुंड एकादशी ने किया फुटबॉल मैच का आयोजन



### 8 फुटबॉल टीमों ने लिया हिस्सा

**मुंबई.** स्वर्णकार बंगाली संघ मुलुंड एकादशी द्वारा वन-डे फुटबॉल मैच का एक भव्य आयोजन मुलुंड के बारकु पाटिल मनोरंजन मैदान में किया गया, जिसमें कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। इस फुटबॉल मैच की विजेता आर बी गोल्ड और उपविजेता मां काली भांडुप टीम रही।

इस फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक मिहिर कोटेचा के हाथों किया गया। इस मौके पर विधायक मिहिर कोटेचा पूर्व नगरसेविका समिता कांबले, श्री विनोद कांबले, एपीआई दत्ता बनसोडे भी मौजूद थे। फुटबाल टूर्नामेंट को सफल बनाने में संरक्षक पिनाकी सारंगी अध्यक्ष बादल जाना सचिव तरुण घोष कोषाध्यक्ष अजीत मैती के अलावा असित मैती, निमाई मैती, अमोल जाना, प्रभास खानरा, सुभाष बेरा, अभिजीत घोष, देबाशीष सामंथा, सरोज सिंह, बबलू बेरा मिसेज़ रूमा जाना, मिसेज़ सुमित्रा घोष, मिसेज़ चंपा घोष, मिसेज़ सेफाली मैती आदि मौजूद रहे।

# रंगोली-चित्रकला से मतदाताओं को किया जागरूक

**ठाणे.** मनपा के आम चुनावों के बैकग्राउंड में स्वीप मतदान अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत शहर भर के अलग-अलग स्कूलों में रंगोली, पेंटिंग, निबंध और स्लोगन कॉम्पिटिशन ऑर्गनाइज़ किए गए। इन एक्टिविटीज़ के माध्यम से विद्यार्थियों ने डेमोक्रेसी में मतदान के महत्व को अच्छे से दिखाया।मतदान परसेंटेज बढ़ाने और ज़्यादा से ज़्यादा लोग डेमोक्रेसी से मिले अपने अधिकारों का इस्तेमाल करें, यह पक्का करने के लिए ठाणे मनपा के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाई जा रही है।आयुक्त व चुनाव अधिकारी सौरभ राव,स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. मिताली संचेती के मार्गदर्शन में,




शहर के अलग-अलग हिस्सों में हर दिन लोगों में जागरूकता फैलाई जा रही है।मनपा स्कूल नंबर 56, ओवाला में रंगोली कॉम्पिटिशन हुआ।विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी रंगोलियों के ज़रिए क्रिएटिव तरीके से "मतदान हमारा अधिकार और फ़र्ज़ है" का मैसेज दिया।वार्ड क्रमांक. 27 और 28 को एस. एम. जी. विद्यालय, दिवा स्टेशन (पूर्व) में मतदान जागरूकता के लिए निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। विद्यालय के प्राचार्य अनंत धडवे, सभी शिक्षक और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वीप टीम प्रमुख सचिन वेदंडे, मच्छिंद्र मुंडे, गिरीश शेलार, शिवा सांगले, निवृत्ति जाधव और पूरी टीम मौजूद थी।वागले प्रभाग समिति के तहत श्रीनगर और शांतिनगर क्षेत्रों के वार्ड क्रमांक 16, 17 और 18 के स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी मतदान जागरूकता पैदा की गई। इसके साथ ही सहकारी बैंकों में जाकर नागरिकों से मतदान करने की अपील की गई। साथ ही, लोकमान्य वार्ड समिति के तहत ठाणे मनपा स्कूल क्रमांक 120, सावरकर नगर में एक चित्रकला प्रतियोगिता और ज्ञानोदय विद्यालय में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता सफलतापूर्वक आयोजित की गई। ये सभी एक्टिविटीज़ स्कूल लाइफ में स्टूडेंट्स के बीच मतदान के बारे में पॉजिटिव जागरूकता पैदा करके डेमोक्रेसी को मजबूत करने में बहुत बड़ा योगदान दे रही हैं।


## आम सूचना

मैं श्री श्यामसुंदर ईश्वरलाल खातुंबरा सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 16 के पास, वालमिक नगर, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 08एओ014744900) उक्त प्रॉपर्टी श्री प्रकाश ईश्वरलाल राजपुत अल्यास खातुंबरा, श्रीमती कांतादेवी रमेश कुमार, श्रीमती हेमलता विजेंद्रसिंह तनवर के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 29.12.2025 मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद में अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।


सही/-
**श्री श्यामसुंदर ईश्वरलाल खातुंबरा**


## कार्तिक की मिस्ट्री गर्लफ्रेंड ने तोड़ी चुप्पी

### रिलेशनशिप स्टेटस को लेकर दिया यह जवाब

बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री के सबसे एलिजिबल बेचलर्स में गिने जाते हैं। 'प्यार का पंचनामा' फेम एक्टर एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। कार्तिक आर्यन ने गोवा में छुट्टियां मनाने के दौरान की तस्वीरें साझा की हैं। इसी बीच रेड्डिट पर चर्चा शुरू हो गई कि ग्रीस की करीना कुबुलियूत ने भी ठीक ऐसी ही तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। फोटोज में स्पॉट से लेकर एंगल तक काफी हद तक एक जैसा है, जिसके बाद दावा किया जा रहा है कि कार्तिक आर्यन करीना के साथ रिलेशनशिप में हैं। अब इस मुद्दे पर करीना ने चुप्पी तोड़ी है।

सोशल मीडिया पर चल रही कमेंटबाजी और गॉसिप्स वाले एक पोस्ट पर करीना ने लिखा, ₹मैं उसकी गर्लफ्रेंड नहीं हूं लुईस भाई। चुप रहो।₹ इसी के साथ इन अफवाहों पर विराम लग गया है कि कार्तिक और करीना रिलेशनशिप में हैं। कार्तिक आर्यन का नाम इससे पहले सारा अली खान, जाह्नवी कपूर, नुसरत भरूचा और अनन्या पांडे के साथ जुड़ चुका है। हालांकि सोशल मीडिया पर कयासों का सिलसिला चलता रहता है, लेकिन अभी तक कार्तिक ने अपना रिलेशनशिप स्टेटस सिंगल ही बताया है।



## नौकरी का लालच देकर 7.5 लाख रुपए की ठगी

**अंबरनाथ.** नौकरी के नाम पर युवाओं के डॉक्यूमेंट्स का गलत इस्तेमाल करके 43 करोड़ रुपये की ठगी का मामला अभी ताजा है, वहीं अंबरनाथ में 'इंडियन ऑयल' में सीधे नौकरी दिलाने का लालच देकर युवाओं से 7.5 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। इस मामले में शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में तीन स्कैमर्स के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

पूर्वी अंबरनाथ के त्रिमूर्ति चॉल में रहने वाले संतोष घोसालकर और उनके दोस्त सोमनाथ जैसवार और सौरभ जाधव नौकरी ढूंढ रहे थे। इस मौके का फायदा उठाकर अरविंद जायसवाल, राहुल कुमार जायसवाल और राजेश कुमार ने उन्हें 'इंडियन ऑयल' जैसी नामी कंपनी में नौकरी दिलाने का लालच दिया। आरोपियों ने युवाओं का भरोसा जीतने की कोशिश की और 1 अगस्त 2023 से 9 अक्टूबर 2024 के बीच उनसे ऑनलाइन और कैश में 7 लाख 50 हजार रुपये ऐंठ लिए। जब उन्हें लगा कि लंबे समय तक पैसे देने के बाद भी उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है, तो युवाओं को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है। वे शिवाजीनगर पुलिस के पास पहुंचे और इस बारे में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस बारे में आरोपियों के खिलाफ इंडियन पीनल कोड की अलग-अलग धाराओं के तहत केस दर्ज किया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

# हत्या की कोशिश के जुर्म में आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे.** कलवा पुलिस स्टेशन में 5/10/2025 को 05:54 पर भारतीय दंड संहिता 2023 की धारा 109 (1), 352 के तहत केस दर्ज किया गया है।

इस जुर्म का आरोपी जुर्म के दर्ज होने के बाद से पुलिस को झूठी जानकारी देकर अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए अलग-अलग जगहों पर रह रहा था।क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय देशमुख के मार्गदर्शन में 6/01/2026 को पुलिस योगेश क्षीरसागर और अशोक धावले को एक मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। इस जुर्म के आरोपी का नाम अजय विट्ठल धोत्रे, उम्र 25 साल, बिजनेस - मथाडी, राह,भोईर चाल, हनुमान मंदिर के पास, भीमनगर, वर्तकनगर, ठाणे वेस्ट।आरोपी को 06/01/2026 को साढ़े तीन बजे गिरफ्तार किया गया है और उसका मेडिकल चेकअप किया गया। आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए कलवा पुलिस स्टेशन में पेश किया गया है।


## तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, उल्हासनगर यांचे न्यायालय, गांधी रोड, उल्हासनगर-5

दुरध्वनी क्र.: 02512530568 ई-मेलः tahulhasnagar@gmail.com

1. श्री. राजाराम जगदिश सिंघ — अर्जदार
   रा. आझादनगर, निझाम बिल्डींग, खेमाणी
   उल्हासनगर, जि. ठाणे

**विरुध्द**

2) निबंधक तथा निवासी वैद्यकिय अधिकारी, — सामनेवाला
   जिल्हा शल्यचिकित्सक, मध्यवर्ती रुग्णालय,
   उल्हासनगर-3, जि.ठाणे

**तमाम जनतेस सदर नोटीसीव्दारे सुचीत करण्यात येते आहे के येणेप्रमाणे :**

1. उपरोक्त अर्जदार श्री. राजाराम जगदीश सिंघ यांच्या मुलाचा कु. आर्यन राजाराम सिंघ यांचा जन्म उल्हासनगर येथे दिनांक 06/05/2023 रोजी झालेला आहे. अर्जदाराकडून काही अपरिहार्य कारणामुळे तसेच अनावधनामुळे सदर जन्म नोंद, निबंधक तथा निवासी वैद्यकिय अधिकारी, जिल्हा शल्यचिकित्सक, मध्यवर्ती रुग्णालय, उल्हासनगर-3 दप्तरी करुन जन्म दाखला प्राप्त करुन घ्यावयाचा राहीला होता अर्जदार यांना जन्म दाखल्याची आवश्यकता आहे.
2. उशीरा जन्म नोंदणी दाखला मिळणेसाठी मा. तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, उल्हासनगर यांचेकडून आदेश प्राप्त करुन घ्यावयाचा असल्या मुळे सदर कार्यालयास किरकोळ अर्ज दावा क्र. 97/2025 दाखल केला आहे.
3. सदर बाबत कोणत्याही व्यक्तीची कोणतीही हरकत असल्यास ही नोटीस प्रिसिध्द झाल्यापासून 15 दिवसांच्या आत सदर न्यायालयात दाखल करावी, वरील मुदतीत कोणी योग्य हरकत न दाखल केल्यास अर्जदार यांना सदर कार्यालयातर्फे त्यांचा जन्म नोंदणीचा दाखला मिळणेकरीता आदेश करण्यात येईल. आज दिनांक 22/12/2025 रोजी माझे सहीने व शिक्क्याने दिली असे.

तहसिलदार

शिक्का

हुकुमावरुन
सही-
**(कल्याणी कदम)**
तहसीलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी.
उल्हासनगर



## आम सूचना

मैं श्री श्यामसुंदर ईश्वरलाल खातुंबरा सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप, बैरक नं. 20 के सामने, मेन रोड, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 08एआय014742700) उक्त प्रॉपर्टी श्री प्रकाश ईश्वरलाल राजपुत अल्यास खातुंबरा, श्रीमती कांतादेवी रमेश कुमार, श्रीमती हेमलता विजेंद्रसिंह तनवर के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 29.12.2025 मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद में अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री श्यामसुंदर ईश्वरलाल खातुंबरा**



## आम सूचना

मैं श्री विकास दादासाहेब नरोडे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, ब्लॉक नं. ए-333, कुर्ला कैम्प, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 39डीओ008570500) उक्त प्रॉपर्टी श्री शिवाजी खेरू गाडे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 15.11.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री विकास दादासाहेब नरोडे**



Staff Required
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099